**ए.एस.पी.ई.ई कॉलेज ऑफ फोरेस्ट्री, नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी (गुजरात) के विद्यार्थियों का दिनांक 29.2.2016 को आफरी भ्रमण**

ए.एस.पी.ई.ई कॉलेज ऑफ होर्टीकल्चर एंड फोरेस्ट्री नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी (गुजरात) के बी.एससी (ऑनर्स) फोरेस्ट्री के 36 विद्यार्थियों के दल ने डॉ. मनमोहन जे. डोबरीयाल, असोसिएट प्रोफेसर एवं डॉ. दिलेश्वर नायक, असिस्टेंट प्रोफेसर के नेतृत्व में अध्ययन भ्रमण (Educational tour) के अन्तर्गत दिनांक 29.2.2016 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का भ्रमण किया। कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने दल का संस्थान में स्वागत करते हुए पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संस्थान एवं संस्थान की शोध गतिविधियों की जानकारी दी। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक होने का भी आहवान किया।

भ्रमणकारी दल को श्री रतनाराम लोहरा, अनुसंधान सहायक-प्रथम एवं श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीकी सहायक ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण करवाया जहां इस दल ने शोध गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की एवं विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर वहां प्रदर्शित विभिन्न शोध गतिविधियों, तकनीक एवं शोध उपलब्धियों संबंधी सूचनाओं एवं सामग्री का अवलोकन भी किया ।

तत्पश्चात् इस दल ने संस्थान की प्रायोगिक पौधशाला का भ्रमण कर पौधशाला, धुंध कक्ष इत्यादि एवं वहां स्थित औषधीय पौधों के जर्म प्लाज्म बैंक (Germ plasm bank) का भी अवलोकन किया। पौधशाला में श्री सादुलराम देवड़ा, अनुसंधान सहायक-द्वितीय ने पौधशाला से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी ।

39